आज समाज 11/10/2025

# गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**आज समाज नेटवर्क**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के वाणिज्य विभाग एस.एफ ने अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से ह्लक्षेत्रीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रमह्व का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 100 छात्रझ्रछात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हुआ तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष (वाणिज्य - एस.एफ.) रहे। कार्यक्रम में संदीप पुरी, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को निवेश से जुड़ी जागरूकता, वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश के उपाय, तथा निवेशक संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। पुरी ने सेबी की भूमिका और निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।



कार्यक्रम का संचालन जस्मिता हांडा, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग (एस.एफ.) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। गीति बिंद्रा (अर्थशास्त्र विभाग) ने कार्यक्रम के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि रीतिका राय ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा संसाधन व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त का निरंतर सहयोग एवं प्रेरणा हेतु धन्यवाद किया। इस अवसर पर वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्रझ्रछात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में निवेश संबंधी जागरूकता और वित्तीय समझ को प्रोत्साहित किया। संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा जिसने प्रतिभागियों को जिम्मेदार निवेशक बनने हेतु प्रेरित किया।